(ख) ऐसे मामलों में कितने कर्मचारी गिरफ्तार किये गये ;

(ग) कितने व्यक्तियों को दण्ड दिया या ; और

(घ) उन्हें किस प्रकार की सजायें दी गई ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) : (क) २५

(ख) ३

(ग) १६

घ) किस तरह दंड दिया गया	दंडित कर्मचारियों की संख्या
नौकरी से हटाये गये	३
वेतन में सालाना तरक्की रोकी गई	६
पद गिराया गया	१
लानत-मलामत की गई	२
चेतावनी दी गई	१
जोड़	१६

नये रेलवे स्टेशन

१०००. श्री बेसगम : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह बात मालूम है कि सिंहभूम जिले के राजखरसावन और गुआ के बीच दो नये स्टेशन अर्थात् सिंहपुखरिया और तालाबुरू बनाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ये स्टेशन कब बनाये गये थे ;

(ग) क्या सरकार को यह बात मालूम है कि इन दो स्टेशन पर बुकिंग आफिसों के न होने के कारण यात्री बिना टिकट यात्रा करते हैं ; और

(घ) क्या सरकार को यह बात भी मालूम है कि टिकट चेकर बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से पैसे ले लेते हैं ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) : (क) चौबासा और झिकपानी अपनी के बीच सिंहपुखरिया एक ट्रान्सपोटशन क्रासिंग स्टेशन (transportation cros ing station) है और झिकपानी और कैंडपोसी के बीच तालाबुरू इसी तरह का दूसरा स्टेशन है। ये दोनों स्टेशन राजखरसावन-गुआ शाखा पर हैं। ये स्टेशन अभी यातायात के लिये खोले नहीं गये हैं।

(ख) ये १५-७-१९४६ को बनाये गये थे।

(ग) और (घ). कुछ लोग इन स्टेशनों पर गाड़ियों में चढ़ जाते हैं ; लेकिन टिकट-परीक्षक मुनासिब किराया ले कर उनके लिये अतिरिक्त-किराया-टिकट (excess fare ticket) बना देते हैं। टिकट घर खोलने का प्रबन्ध किया जा रहा है।

रेल के किराये

१००१. श्री बेसगम : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ऐसे मामलों का पता चला है जिन में बुकिंग क्लर्कों ने यात्रियों से रेलवे टिकटों पर छपे हुये किराये से अधिक धन लिया हो ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) : (क) कभी-कभी इस तरह की शिकायतें मिलती हैं।

(ख) जिन कर्मचारियों के खिलाफ़ शिकायत साबित हो जाती है उन पर अनुशासन की कार्यवाही की जाती है।